26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 28 दिसम्बर, 2025

अंक- 65 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 12

## कश्मीर में पारा 0°

हिमालय में लगातार बर्फबारी और वेस्टर्न डिस्टर्बेंस ने मैदानों में ठंड बढ़ा दी है। श्रीनगर में पारा माइनस 2.6°C और सोनमर्ग में माइनस 5.8°C रिकॉर्ड किया गया। राजस्थान में पारा 3.1 पर पहुंच गया है। छत्तीसगढ़ के मैनपाट में 4 डिग्री से नीचे आ गया है। वहीं मध्य प्रदेश में मंदसौर में पारा 2.9 डिग्री रहा। यह मैदानी इलाकों में सबसे कम तापमान है, यहां ओस की बूंदें जमी नजर आईं। दरअसल, उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जेट स्ट्रीम का असर है। ये जमीन से 12.6 किलोमीटर की ऊंचाई पर चलने वाली हवाएं हैं। इस बार इनकी रफ्तार 262kmph तक पहुंच गई है। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश में अगले 5 दिन तक तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। 23 राज्यों में घने कोहरे का अलर्ट है, इसका असर ट्रेनों और फ्लाइट्स पर नजर आ रहा है। आज 13 फ्लाइट रद्द की गई हैं। आसमान में ठंडी और गर्म हवा की नदी जैसी बहने वाली हवाएं ही जेट स्ट्रीम हैं। जेट स्ट्रीम आमतौर पर उत्तर (ध्रुवीय इलाकों) की ठंडी हवा और दक्षिण (गरम इलाकों) की गर्म हवा के बीच चलती हैं।

# हिमालय तक सड़क, सुरंगें और एयरस्ट्रिप बना रहा भारत

## अमेरिकी मीडिया का दावा- गलवान झड़प के बाद निर्माण बॉर्डर तक हथियारों की पहुंच आसान होगी

**बीजिंग/ नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** भारत हिमालयी इलाके में चीन से होने वाली किसी भी संभावित झड़प से निपटने के लिए सड़कें, सुरंगें और हवाई पट्टियां बनाने पर करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है। यह जानकारी अमेरिकी मीडिया वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में सामने आई है।



रिपोर्ट के मुताबिक, 2020 में चीन के साथ गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के बाद इस कदम की शुरुआत हुई थी। उस झड़प ने 2200 मील लंबी बॉर्डर पर भारत की सामान पहुंचाने की व्यवस्था (लॉजिस्टिक्स) की बड़ी कमियों को उजागर किया था। दशकों से चीन ने अपनी बॉर्डर पर रेल और सड़कों का विशाल नेटवर्क बनाया है। जबकि भारत अपने पहाड़ी सीमावर्ती इलाकों में सैनिकों को तेजी से पहुंचाने के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के निर्माण में पीछे रह गया। 2020 की झड़प के दौरान, 14,000 फीट की ऊंचाई पर भारतीय और चीनी सैनिक डंडों और कांटेदार तारों से लिपटे क्लबों से हाथापाई कर रहे थे। एक्सपर्ट्स का कहना है कि चीन मजबूत कनेक्टिविटी की वजह से कुछ ही घंटों में मदद पहुंचा सकता था, जबकि भारत को उस इलाके की खराब या नहीं के बराबर सड़कों से एक्स्ट्रा सैनिकों को पहुंचाने में एक हफ्ते का समय लगता।

लद्दाख के उत्तरी क्षेत्र में पूर्व ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स प्रमुख मेजर जनरल अमृतपाल सिंह ने WSJ से कहा- इस घटना के बाद हमें अपनी पूरी रणनीति बदलने की जरूरत महसूस हुई। लद्दाख की गलवान घाटी में 15 जून 2020 को भारत-चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प हुई थी।

भारत के नॉर्दर्न कमांड के पूर्व कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने WSJ को बताया कि इन प्रोजेक्ट मकसद ऊंचाई वाले सैन्य चौकियों को अलग-थलग पड़ी नागरिक बस्तियों से जोड़ना है। खासकर उन जगहों को जो कड़ाके की सर्दी में कट जाती हैं। सबसे जरूरी प्रोजेक्ट में से एक जोजिला सुरंग है, जिसे उत्तरी भारत के पहाड़ों में लगभग 11,500 फीट की ऊंचाई पर बनाया जा रहा है। यह प्रोजेक्ट 2020 संघर्ष के कुछ महीनों बाद शुरू हुआ। इसे 750 मिलियन डॉलर (6,734 करोड़ रुपए) से ज्यादा की लागत से बनाया जा रहा है। इसे 2028 तक पूरा करने का टारगेट रखा गया है। जनरल दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लगभग 9 मील (15 किमी.) लंबा यह प्रोजेक्ट लद्दाख में बॉर्डर चौकियों तक सामान पहुंचाने के मुश्किल काम को आसान बना देगा।

# जरदारी बोले- पाकिस्तान दोबारा युद्ध को तैयार

## बिलावल ने कहा- मोदी मुनीर से डरते हैं

**कराची (एजेंसी/चिंगारी)।** पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने शनिवार को कहा कि मई में हुए युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने भारत के आक्रमण का मजबूती से जवाब दिया। इसके बाद भारत सरकार को समझ आ गया कि युद्ध बच्चों का खेल नहीं है। जरदारी शनिवार को पूर्व प्रधानमंत्री बेनजीर भुट्टो की पुण्यतिथि पर कराची में एक रैली में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को पाकिस्तान के संयम के लिए शुक्रगुजार होना चाहिए, क्योंकि अगर पाकिस्तान चाहता तो और भी भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया जा सकता था। जरदारी ने कहा, मोदी अब समझ चुके हैं कि पाकिस्तान अपनी रक्षा करना जानता है। अगर दोबारा युद्ध थोपा गया तो पाकिस्तान पूरी तरह तैयार है। इधर, पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी ने फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की तारीफ की। उन्होंने कहा- हमारे फील्ड मार्शल (आसिम मुनीर) का नाम सुनते ही मोदी छिप जाते हैं। अब विदेश में पाकिस्तान को लेकर कुछ नहीं कहते। भले ही भारत खुद को बड़ी ताकत मानता हो, लेकिन पाकिस्तान के नेतृत्व और सेना जैसी हिम्मत और जज्बा उसमें नहीं है। मोदी को समझना चाहिए कि युद्ध के लिए हिम्मत, संकल्प और बलिदान चाहिए। मई में जब संघर्ष शुरू हुआ, तब मुझे बंकर में जाने की सलाह दी गई थी, लेकिन मैंने साफ इनकार कर दिया। मैंने कहा कि नेता बंकरों में नहीं मरते, वे मैदान में मरते हैं।



आयुषमान कार्ड से सभी प्रकार की निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध।

अपना अस्पताल
तत्सव हेल्थ केयर
मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एण्ड ट्रॉमा सेन्टर
तत्सव HEALTHCARE
निकट महादेवपुरम कॉलोनी, मण्डावर रोड, बिजनौर (उ.प्र.)
सम्पर्क सूत्र : 8279960281

डॉ. शुभम अग्रवाल
MBBS, MS Orthopaedic, (FJRA)
पूर्व चिकित्सक
शैलबी हॉस्पिटल, अहमदाबाद/मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ

मिलने का समय : सुबह 10:30 से 2:30 बजे तक । शाम 5:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक रविवार अवकाश

नाक, कान, गला रोग एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ
MBBS, MS (ENT)
मिलने का समय :
सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक
शाम 4:30 से सायं 6:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

न्यूरो-साइकाइट्रिस्ट मनोरोग विशेषज्ञ
MBBS, MD
मिलने का समय :
दोपहर 3:00 से शाम 7:30 बजे तक
(रविवार अवकाश)

सुविधाएं :
- सड़क दुर्घटना या किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति में तुरंत सम्पर्क करें।
- सभी प्रकार की हड्डी के फ्रैक्चर, प्लास्टर एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध है।
- 24x7 आपतकालीन सेवा/पूर्ण क्रिटिकल केयर टीम/एक्सीडेंट, फ्रैक्चर, पॉली ट्रॉमा
- कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण
- दूरबीन विधि द्वारा लिगामेन्ट सर्जरी
- कान, नाक, गला, थाइराइड एवं सम्बन्धित कैंसर रोग विशेषज्ञ/स्पीच थेरेपी
- दूरबीन द्वारा जांच/ Endoscopy/ कान की डिजिटल मशीनें उपलब्ध है।
- (मनोरोग विशेषज्ञ) डिप्रेशन, सरदर्द, मिर्गी का दौरा, नशे की लत इत्यादि
- सैक्स रोग (धात, शीघ्र पतन, स्वप्नदोष, नंपुसकता, सैक्स की इच्छा ना होना)
- जनरल सर्जरी व लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- आधुनिक ओ.टी./आई.सी.यू./डिजिटल एक्स-रे (Fuji-DR)/पैथोलॉजी
- फिजियोथेरेपी

# घनुवाला में धर्म परिवर्तन कराने को लेकर तनाव

## धन का लालच देकर ईसाई धर्म अपनाने का आरोप

### ग्रामीण इकट्ठा होकर थाने पहुंचे, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की

**बिजनौर (चिंगारी)। समीपवर्ती ग्राम फरीदपुर मीरा उर्फ घनुवाला में कथित रूप से अवैध धर्म परिवर्तन कराए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामवासियों ने बिजनौर थाने में प्रभारी निरीक्षक को प्रार्थना-पत्र देकर गांव के कुछ लोगों पर पैसों का लालच देकर हिंदू समुदाय के लोगों का धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया है।**

ग्रामीणों के अनुसार गांव के ही निवासी तीन भाइयों दिनेश, विनोद और मोहन ने पहले अपना धर्म परिवर्तन कर ईसाई धर्म अपनाया और अब गांव व आसपास के क्षेत्र में अन्य लोगों को भी धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे हैं। आरोप है कि इन लोगों द्वारा देवीचंद पुत्र सुखे और उसके परिवार का भी धर्म परिवर्तन कराया गया है। प्रार्थना-पत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि उक्त लोग गांव के राजकुमार पुत्र मदनपाल सिंह और



कुलदीप पुत्र सुरेश को धन का लालच देकर धर्म परिवर्तन के लिए उकसा रहे हैं। उक्त लोग ग्रामीणों को इस बात के लिये भी प्रेरित कर रहे हैं कि वे अपने मुर्दों को जलाने की बजाये दफनायें। ग्रामीणों का कहना है कि इन गतिविधियों से गांव में रोष व्याप्त है और लोगों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि विरोध करने पर उक्त लोग उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देते हैं। इन लोगों की गतिविधियों से गांव में भय और तनाव है।

ग्रामवासियों मुकेश, नरेश, तुषार सैनी, रोहिताश, टिंकू, प्रदीप, संजीव व राहुल सहित अन्य लोगों ने पुलिस से जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# गोल्डन बैल्स स्कूल में मनाई गई गुरु गोविन्द सिंह जयंती

**स्योहारा (चिंगारी)।** गोल्डन बैल्स इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को गुरु गोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन हरमेन ने किया। इस अवसर पर स्कूल निर्देशक सरदार गुरविंदर सिंह, निर्देशिका तवलीन कौर, प्रधानाचार्य शेखर सिंह और सीनियर कोर्डिनेटर शिवम ठाकुर ने गुरु गोविंद सिंह जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर और छात्राओं ने गुरु गोविंद सिंह जी की जीवनयात्रा के बारे में बताया। बच्चों को बताया कि गुरु गोविन्द सिंह जी सिखों के दसवें और अंतिम गुरु थे, जिन्होंने पटना में जन्म लिया। वे एक महान योद्धा, कवि और आध्यात्मिक नेता थे, जिन्होंने अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए खालसा पंथ की स्थापना की। उन्होंने अपने पूरे परिवार (चार साहिबजादे) का बलिदान दिया और गुरु ग्रन्थ साहिब को शाश्वत गुरु घोषित किया। उन्होंने



'भै काहू को देत नहिं भय मानत आन' अर्थात किसी से न डरने और किसी को डराना नहीं, का संदेश दिया। हमें भी उनके जीवन से सीख लेनी चाहिए।

स्कूल निर्देशिका तवलीन कौर ने भी गुरु गोविन्द सिंह जी की जीवनी पर विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि गुरु गोविन्द का अर्थ होता है गुरु और भगवान। जो व्यक्ति गुरु के मार्ग दर्शन से चलता है उसका जीवन सार्थक होता है। वे अन्याय, अत्याचार और पापों को खत्म करने के लिए और धर्म की रक्षा के लिए मुगलों के साथ लड़े तथा धर्म की रक्षा के लिए ही उन्होंने अपने समस्त परिवार को बलिदान कर दिया।

# दिव्य सेवा संस्थान ने 150 लोगों को कंबल बांटे

**नगीना (चिंगारी)।** दिव्य सेवा संस्थान की तरफ से क्षेत्र के 150 निर्धन लोगों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किए। शनिवार की दोपहर हिंदू इंटर कॉलेज के सभागार में दिव्य सेवा संस्थान द्वारा आयोजित कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम विजय शंकर ने अपने हाथों से निर्धन लोगों को कंबल वितरित किए। अपने संबोधन में एसडीएम ने कहा



कि गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है। सक्षम लोगों को गरीबों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। इस मौके पर संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा, हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, थाना अध्यक्ष अवनीत मान, समाजसेवी संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की, अंबेडकर समिति के अध्यक्ष सुगनचंद, राजबाला, मनजीत चौधरी, सुनील सैनी एडवोकेट, मनोज आढ़ती, ज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

## नवागत चौकी इंचार्ज मनवीर सिंह ने चार्ज संभाला

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। कोतवाली अफजलगढ़ क्षेत्र की कासमपुर गढ़ी स्थित स्वामी विवेकानंद पुलिस चौकी के नवागत इंचार्ज उपनिरीक्षक मनवीर सिंह ने गत दिवस यहां अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। 15 दिन पूर्व पुलिस अधीक्षक बिजनौर अभिषेक झा ने चौकी इंचार्ज एसआई प्रमोद कुमार को यहां से हटाकर नजीबाबाद कोतवाली क्षेत्र की जाफराबाद पुलिस चौकी के इंचार्ज उपनिरीक्षक मनवीर सिंह को यहां का चौकी इंचार्ज नियुक्त किया था। मनवीर सिंह ने कहा कि पीड़ितों/फरियादियों की सम्मानजनक सुनवाई, न्यायोचित कार्यवाही, नारी सुरक्षा/सम्मान एवं मजबूत कानून व्यवस्था उनकी प्राथमिकता रहेगी।



## अटल बिहारी वाजपेई की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेई की 121 वीं जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया। विधानसभा के गजरौला पाईमार में भाजपा जिला मंत्री बलराज त्यागी, सोशल मीडिया पिछड़ा मोर्चा के जिला प्रमुख रितेश सैन, मंडल अध्यक्ष वरुण आत्रेय, वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, मंडल उपाध्यक्ष पिंकुर रघुवंशी मंडल के बूथ संख्या 284, 285, 286, 287, 288, 289 110 राजारामपुर तुलसी, 111 मुस्सेपुर पर अटल बिहारी वाजपेई की 101 वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# एस.एस. के एकेडमी को सीबीएसई से मिली इंटर तक की मान्यता

**नगीना (चिंगारी)।** बढ़ापुर मार्ग पर स्थित एसएसके इंटरनेशनल एकेडमी को सीबीएसई से इंटर तक की कक्षाओं को पढ़ाने की मान्यता मिल गई है। सीबीएसई से मान्यता मिलने के बाद स्कूल प्रशासन और शिक्षक/ शिक्षिकाओं में खुशी की लहर है।

स्कूल चेयरमैन साहू संतोष कुमार अग्रवाल व प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल ने बताया कि बढ़ापुर मार्ग पर उनका विद्यालय क्षेत्र के बच्चों को पिछले काफी समय से उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने बताया कि अब सीबीएसई से उनके स्कूल को इंटर तक की मान्यता मिलने से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने में मदद मिलेगी। स्कूल की इस उपलब्धि पर शिक्षक/ शिक्षिकाओं व प्रबंध कमेटी के सदस्यों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। चेयरमैन साहू संतोष कुमार अग्रवाल ने बताया कि उनके स्कूल में उच्च स्तर की शिक्षा बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही है, जिसके चलते सीबीएसई ने इतने अल्प समय में स्कूल को मान्यता दे दी है। इस मौके पर प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल, साहू सुयश अग्रवाल,अनीता अग्रवाल, सर्वेश अग्रवाल, प्रधानाचार्य अंशु बिश्नोई, सुष्मिता




इंटर तक की मान्यता मिलने के बाद प्रबंध निदेशक साहू अनुभव अग्रवाल ने स्कूल स्टाफ को मिठाई खिलाकर मुंह मीठा

अग्रवाल, सिद्धि अग्रवाल आदि मौजूद रहे। स्कूल को सीबीएसई से इंटर तक की मान्यता मिलने पर समाजसेवी अरशद प्रिंस, युवा व्यापारी गौरव गोयल, विशाल अग्रवाल, युवा सराफ अविरल अग्रवाल, डॉ.श्वेत कमल गोयल आदि ने प्रबंध कमेटी को बधाई दी है।

सिख संगत ने गुरुद्वारे से निकाली तीसरी प्रभातफेरी ( पेज 9 )



# जीआरपी कोटा ने रफतपुर में दबिश दी

**धामपुर ( चिंगारी )।** ट्रेन में चोरी के मामले में राजस्थान के कोटा जनपद की जीआरपी ने शेरकोट क्षेत्र के गांव रफतपुर में दबिश दी। जिससे गांव में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार राजस्थान के कोटा क्षेत्र में चलती ट्रेन में एक महिला यात्री का लैपटॉप व मोबाइल चोरी हो गया था। महिला की तहरीर पर जीआरपी कोटा ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। सर्विलांस के माध्यम से मोबाइल की लोकेशन धामपुर तहसील क्षेत्र के रफतपुर में मिलने पर जीआरपी के उपनिरीक्षक यतेंद्र कुमार पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे और संदिग्ध स्थान पर पूछताछ व तलाशी की गई। हालांकि किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो सकी।

# अखिलेश यादव ने नईमुल हसन की बहन के इंतकाल पर दुख जताया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्योहारा निवासी पूर्व विधायक/मंत्री नईमुल हसन की बहन श्रीमती इशमत जहां का पिछले दिनों लम्बी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इशमत जहां के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना की। सपा के जिला प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नईमुल हसन को शोक संदेश भेजकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। बता दें कि सपा के पूर्व विधायक हाजी नईमुल हसन की बहन इशमत जहां (60 वर्ष) पिछले काफी दिनों से बीमार चल रही थीं। चिंगारी परिवार श्रीमती इशमत जहां की मगफिरत की दुआ करता है।

# ट्रक ने बाइक में टक्कर मारी : महिला की मौत, पति बाल-बाल बचा

**धामपुर ( चिंगारी )।** घना कोहरा और शीतलहर अब जानलेवा साबित हो रहे हैं। इसके कारण सड़क दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ गया है। धामपुर थाना क्षेत्र में शनिवार देर शाम नहटौर रोड स्थित ग्राम ढक्का करमचंद के पास उस समय एक सड़क हादसा हुआ, जब एक ट्रक चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका पति बाल-बाल बचा।



नरगिस का फाइल फोटो

उत्तराखंड के जनपद नैनीताल रामनगर की आदर्श कॉलोनी शंकरपुर निवासी कासिम अहमद अपनी पत्नी 38 वर्षीय नरगिस के साथ बाइक से रामनगर से नहटौर जा रहे थे। शनिवार देर शाम जब धामपुर क्षेत्र में नहटौर रोड पर गांव ढक्का कर्मचंद के पास पहुंचे, तभी पीछे से आए ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही नरगिस बाइक से गिरकर ट्रक की चपेट में आ गईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। कासिम अहमद किसी तरह संतुलन बनाकर गिरने से बच गया।

घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद उसे पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। वहीं ट्रक चालक को हिरासत में लेकर ट्रक को भी कब्जे में ले लिया गया है। इस दर्दनाक हादसे से मृतका के परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थाना प्रभारी मृदुल कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

नगर में पहली बार शुद्धता का युग परिवर्तन लेकर आये
SJ Siddharth Jewellers
गवर्नमेंट अप्रूव्ड
सिद्धार्थ ज्वैलर्स
गोल्ड टेस्टिंग मशीन

अपना पुराना सोने का आभूषण लायें, 100% शुद्धता की जांच कराएं

अन्य सेवाएं-
➤100 %गोल्ड ज्वैलरी एक्सचेंज सुविधा।
➤डायमण्ड ज्वैलरी पर 40 % तक की विशेष छूट (डायमण्ड वैल्यू पर)
➤22 KT एक्सक्लूसिव HUID हॉलमार्क ज्वैलरी
सदर बाजार, बिजनौर, मो. 7310695957

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero VIDA
VIDA EVOOTER | VX2
PROUD WINNER OF ELECTRIC 2-WHEELER OF THE YEAR ★ 2025

10,000 रुपये तक का फायदा
आवश्यकता है दो कुशल फील्ड एग्जीक्यूटिव की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
किरतपुर रोड, बिजनौर मोबाइल 9289922765, 8048243335
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता

# गुरु गोविंद सिंह का प्रकाश पर्व मनाया गुरुद्वारे में विशेष दीवान सजाया

**चांदपुर (चिंगारी)।** गुरुद्वारा सिंह सभा चांदपुर में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 359वां प्रकाश पर्व विशेष दीवान के साथ मनाया गया। जिसमें गुरुद्वारे हेड ग्रंथी ज्ञानी भाई गुरुमुख सिंह, दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के क्षेत्रीय धर्म प्रचारक बूटा सिंह व भाई परमजीत सिंह, सिमरन कौर, साहिबा कौर, जसमीत कौर के कीर्तन जत्थे ने गुरवाणी और कथा विचार के माध्यम से गुरु गोबिंद सिंह जी की महिमा का गुणगान किया। इस दौरान 'वाहो वाहो गुरु गोबिंद सिंह आपे गुरु चेला' और 'इन पुतरन के सीस पे वार दिये पुत चार' जैसे शब्दों का गायन किया गया। इस अवसर पर कमेटी के संचालक प्रभुदयाल सिंह, प्रधान अच्छन सिंह, विक्की सिंह, सेक्रेट्री रिकी सिंह, पपेन्द्र सिंह, गुरज्ञान सिंह, माहिपाल सिंह, मैनेजर सोनू प्रेमी, गुरूनाम सिंह, पप्पी गुरुप्रीत सिह, नितिन जसप्रीत सिंह, शानू सिंह, गुरपर्व सिंह, अजीत कौर, सतनाम कौर, गुनी कौर, गुरुमीत कौर, जसवन्त कौर, सरजीत कौर, सतबीर कौर, गुरुदत्त कौर, राजेन्द्र कौर, मनजीत कौर, बलविन्द्र कौर आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर गुरु का अट्टू लंगर भी बरताया गया।



# गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर अखंड साहब पाठ व शबद कीर्तन का आयोजन

**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** शनिवार को गुरुद्वारे में आयोजित कार्यक्रम में गुरुगोविंद सिंह जी का प्रकाश पर्व तथा चारों साहिबजादों और माता गुजरी कौर के शहीदी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अखंड साहब का पाठ व शबद कीर्तन किया गया। इस दौरान कीर्तिनी जत्था परमजीत सिंह ने शहीदी व इतिहास से संगत को रूबरू करवाया। उन्होंने गुरू के बताए मार्ग पर चलने और छोटे साहिबजादों की शहीदी को याद रखकर समाज व देश की सेवा करने का जज्बा रखने का आह्वान किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरित और लंगर भी छकाया गया। इस अवसर पर मुख्यग्रंथी बाबा ऋषिपाल सिंह, सेक्रेटरी रजविंदर सिंह, सुरेंद्र सिंह, शेर सिंह, बाबा हरजीत सिंह नीटू, जसवंत सिंह, अजविंदर सिंह, हरभजन सिंह, नरेंद्र सिंह, तलविंदर सिंह, सुखबीर सिंह, अमरजीत सिंह आदि का सहयोग रहा।



# नांगल होते हुए हरिद्वार तक नई रोडवेज बस सेवा शुरू

## ग्रामीणों ने चालक-परिचालक का स्वागत किया

**नांगल सोती (चिंगारी)।** उमाकांत शुक्ला ने बताया कि बिजनौर से नांगल होते हुए हरिद्वार, ऋषिकेश व देहरादून तक जाने वाली रोडवेज बसों को उक्त मार्ग से हटाकर वाया किरतपुर, नजीबाबाद संचालित कर दिया गया था। इससे नांगल क्षेत्र के यात्री काफी परेशान थे। उन्होंने इसकी शिकायत शासन स्तर पर की थी। इस मांग पर नजीबाबाद डिपो ने 42 सीटर बस संख्या यूपी 78 एलटी-0186 शुरू की है। यह बस सुबह नांगल से बिजनौर, फिर बिजनौर से नांगल होते हुए हरिद्वार, फिर हरिद्वार से बिजनौर, उसके बाद बिजनौर से नांगल होते हुए नजीबाबाद तथा अंत में नजीबाबाद से नांगल पहुंचेगी। शनिवार से शुरू हुई उक्त रोडवेज बस के दोपहर को नांगल बस स्टैंड पर पहुंचने पर चालक मोहित जोशी तथा परिचालक विकुल का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया। उमाकांत शुक्ला, अतुल अग्रवाल, पं. तुषार शर्मा, कुलदीप शर्मा, हर्ष जोशी, सुबोध वर्मा, नरेन्द्र सिंह, मोनू राजपूत मौजूद रहे। उमाकांत शुक्ला ने बताया कि एआरएम बिजनौर ने शीघ्र ही भागूवाला से नांगल, बिजनौर होते हुए दिल्ली तक के लिये बस शुरू करने का आश्वासन दिया है।



# कोहरे के साथ पड़ रहा पाला किसानों को परेशानी में डाला

**नहटौर (चिंगारी)।** रविवार को पाले और घने कोहरे की जुगलबंदी से तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई। कड़ाके की ठंड के चलते जनजीवन प्रभावित हो गया है। कोहरा छाए रहने से दृश्यता कम हो गई है। ठंड बढ़ने के कारण किसान जंगल व खेतों में काम छोड़कर अलाव के सहारे ठंड से बचाव करते दिखे। किसान सतपाल सिंह, आदित्य कुमार व हिमांशु कुमार ने बताया कि अत्यधिक ठंड के कारण गन्ना छीलने, बरसीम काटने और खेतों में पानी लगाने जैसे रोजमर्रा के कार्य करने में भारी परेशानी हो रही है। वहीं किसानों ने यह भी बताया कि घने कोहरे के कारण दृश्यता बाधित हो रही है, जिससे जंगल व खेतों में जंगली जानवर दूर से दिखाई नहीं देते। ऐसे में उनके हमले का खतरा बना रहता है। इसके अलावा पाले की वजह से फसलों को नुकसान की आशंका भी बनी हुई है।

# भाकियू की चेतावनी का असर : बकैना में रखा गया नया ट्रांसफार्मर

**चांदपुर (चिंगारी)।** भाकियू एकता उगराहां की चेतावनी के बाद आखिरकार विद्युत विभाग ने क्षेत्र के ग्राम बकैना में विद्युत ट्रांसफार्मर रखवाकर गांव की विद्युत आपूर्ति चालू कराई। 12 दिन बाद विद्युत आपूर्ति चालू होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। मालूम हो कि 15 दिसम्बर की रात में चोरों ने ग्राम बकैना में रखा 10केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी कर लिया था। बार-बार कहने के बावजूद विद्युत विभाग ने नया ट्रांसफार्मर नहीं रखवाया था। बिजली न होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। 24 दिसम्बर को भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां के मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी व जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने अधिशासी अभियंता को ज्ञापन देकर 48 घन्टे के भीतर विद्युत ट्रांसफार्मर न रखे जाने पर धरना देने की चेतावनी दी थी। इस पर विद्युत अधिकारियों ने शनिवार को गांव में नया विद्युत ट्रांसफार्मर रखवाकर विद्युत आपूर्ति चालू करा दी। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली तथा इसके लिए भाकियू एकता उगराहां का आभार जताया। भाकियू एकता उगराहां के मंडल अध्यक्ष रवि चौधरी ने इसको किसानों की एकता और संघर्ष की जीत बताते हुए कहा कि संगठन भविष्य में भी किसानों व क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान कराने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

# ताजपुर के स्कूल में हुई कुरआन क्विज प्रतियोगिता

## महक परवीन ने प्रथम, जैद ने दूसरा स्थान प्राप्त किया

**राजा का ताजपुर (चिंगारी) 'प्रतियोगिताओं में सहभागिता से विद्यार्थियों में हौसला और हिम्मत पैदा होती है। प्रतियोगिता में भाग लेना अपने आप में एक महत्वपूर्ण कदम है।' इन विचारों की अभिव्यक्ति पत्रकार तथा कार्यक्रम के सूत्रधार डॉ. सिराजुद्दीन नदवी ने की।**

यह समारोह मरकज़ तालीमुल क़ुरआन (ट्रस्ट) की ओर से शिबली पब्लिक स्कूल में आयोजित क़ुरआन क्विज़ प्रतियोगिता के अवसर पर संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में दर्जन भर स्कूलों और मदरसों से 98 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें 36 छात्राएं थीं। समारोह की अध्यक्षता प्रसिद्ध आलिम-ए-दीन एवं ख़लीफ़ा अल्लामा क़मरुज़्ज़मां इलाहाबादी, मौलाना मुहम्मद शौकत मुज़ाहिरी नक़्शबंदी ने की। संरक्षक के रूप में तबलीगी जमात के ज़िलाई अमीर मौलाना शरीफ़ अहमद साहब उपस्थित रहे।

मौलाना मुहम्मद शौकत मुज़ाहिरी ने अपने संबोधन में कहा कि क़ुरआन करीम को पढ़ना, उसे याद करना, उसका हिफ़्ज़ करना, यहां तक कि उसे देखने पर भी सवाब मिलता है। मौलाना मुहम्मद अंजार क़ासमी (इंचार्ज क्विज़ प्रतियोगिता) ने संचालन की ज़िम्मेदारी निभाई। इस प्रतियोगिता में जामिअतुल फ़ैसल जूनियर हाईस्कूल की कक्षा सातवीं की छात्रा महक परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जामिया अबू हुरैरा दारुल क़ुरआन के हिफ़्ज़ विभाग के छात्र मुहम्मद ज़ैद ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जबकि मुहम्मद अरसलान (जामिया अबू हुरैरा दारुल क़ुरआन) और शिफ़ा नूर (जामिअतुल फ़ैसल जूनियर हाईस्कूल) ने समान अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। पुरस्कार स्वरूप विद्यार्थियों को शील्ड, प्रमाण-पत्र तथा नकद राशि प्रदान की गई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भी प्रमाण-पत्र दिए गए। मौलाना मुहम्मद ज़ुल्फ़िक़ार नदवी और मुफ़्ती अतीक़ क़ासमी ने परीक्षक की भूमिका निभाई।

शिबली पब्लिक स्कूल के मैनेजर मुहम्मद अफ़नान सिराज तथा टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ ने भरपूर सहयोग किया। सहायक क्विज़ इंचार्ज मौलाना ज़फ़रुद्दीन नदवी ने अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। मुहम्मद मआज़ अनवर ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। सरकड़ा के ग्राम प्रधान मुहम्मद तल्हा अंसारी और क़ारी गौहर अंसारी ने आतिथ्य की ज़िम्मेदारी निभाई। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षिक संस्थानों के ज़िम्मेदारान और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को समर्पित है वीर बाल दिवस - कपिल देव

## भाजपा ने श्रद्धापूर्वक याद किया बाबा जोरावर सिंह व बाबा फतेह सिंह को





**बिजनौर ( चिंगारी )।** वीर बाल दिवस पर भारतीय जनता पार्टी ने गुरु गोविंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान को याद किया।

भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में जिले के प्रभारी मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि यह दिन सिखों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के छोटे साहिबजादों की वीरता व सर्वोच्च बलिदान को समर्पित है।

उन्होंने कहा कि मात्र 9 साल और 6 साल की उम्र में बाबा जोरावर सिंह और बाबा



फतेह सिंह ने मुगल शासकों की क्रूरता का डटकर मुकाबला किया। मुगलों ने उन्हें अपना धर्म त्याग कर इस्लाम स्वीकार कर लेने का लालच दिया, धमकाया, लेकिन इन बहादुरों ने इन्कार कर दिया। तब मुगल शासक वाजिद खां ने उन्हें जिंदा ही दीवार में चिनवा दिया। दोनों साहिबजादों ने धर्म की रक्षा के लिये बड़ी वीरता के साथ मौत को गले लगा लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चौहान बॉबी की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री विनय राणा के संचालन में हुए कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष साकेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, पूर्व विधायक डा. इन्द्रदेव सिंह, पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, पूर्व विधायक कमलेश सैनी, महिला आयोग की सदस्य संगीता अग्रवाल, नूरपुर पालिका अध्यक्ष सरदार डा. एमपी सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता डा. बीरबल सिंह, सीपी सिंह, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, डा. रचना पाल, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मोनिका यादव, नगर अध्यक्ष अंकुर तोमर, प्रांतीय पार्षद संजीव गुप्ता, पूनम गोयल, सभासद राजवीर सिंह, जोगेन्द्र वालिया, अनिल विश्नोई, दिनेश केसरिया सहित काफी संख्या में सिख समाज के लोग मौजूद रहे।

## जयंत चौधरी का जन्मदिन मनाया



**चांदपुर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी का 47वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। शनिवार को रालोद कार्यकर्ता डाक-बंगले में इकट्ठा हुए तथा जयंत चौधरी के जन्मदिन पर केक काटकर उनकी दीघार्यु एवं उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। इस अवसर पर रालोद विधानसभा क्षेत्र चांदपुर के अध्यक्ष आनंद सिंह तोमर, वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिंह बब्बू, पूर्व प्रमुख धर्मपाल सिंह, लव कुमार प्रधान, रविंद्र सिंह, छत्रपाल सिंह, अरविंद कुमार, मोहित शर्मा, हुकम सिंह जाटव, देवेंद्र सिंह, यशवीर सिंह, अजीत कुमार, वीरेंद्र सिंह, सुरेश प्रधान, दयावीर प्रजापति, नूतन लांबा, संदीप प्रधान, रणवीर सिंह आदि बड़ी संख्या में रालोद उपस्थित रहे।

## दो माह बाद शुरू हुआ सड़क का निर्माण

**चांदपुर ( चिंगारी )।** लगभग दो माह बाद नगर की मुख्य रोड का निर्माण कार्य शुरू होने से मुहल्लेवासियों के साथ-साथ उधर से गुजरने वाले लोगों को भी राहत मिली। नगर पालिका की ओर से अरविन्द कुमार पप्पू चेयरमैन के मकान से कोटला मस्जिद तक सीसी रोड का निर्माण कार्य को स्वीकृति दी थी। लगभग दो माह पूर्व ठेकेदार द्वारा सड़क पर लगी इंटरलॉक को उखाड़कर सड़क पर पत्थर डाल दिया गया था, उसके बाद निर्माण कार्य को बीच में ही रोक दिया गया था, जिसके कारण लोगों को पत्थर पर चलने को मजबूर होना पड़ रहा था। मुहल्लेवासी तभी से सड़क का निर्माण शुरू कराये जाने की मांग कर रहे थे। लगभग दो माह बाद आज सड़क का निर्माण शुरु होने से दुकानदारों के साथ उधर से गुजरने वाले हजारों लोगों ने राहत की सांस ली।

## शिक्षक सुरेंद्र सिंह देहरादून में सम्मानित

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** केंद्रीय राजभाषा सलाहकार समिति, विश्व हिंदी मंच तथा नागरिक उड्डयन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में गत दिवस देहरादून एयरपोर्ट के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस समारोह में शैक्षिक, सामाजिक, साहित्यिक एवं रचनात्मक योगदान के लिए अनेक विभूतियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद हरिद्वार त्रिवेंद्र सिंह रावत के द्वारा अफजलगढ़ क्षेत्र के शिक्षक सुरेंद्र सिंह को भी अलंकृत किया गया। इस अवसर पर महारानी टिहरी रियासत व सांसद माला राज्या लक्ष्मी शाह, अंतरराष्ट्रीय हिंदीसेवी व भारत सरकार के राजभाषा सलाहकार डॉ. यतेंद्र कटारिया, देहरादून एयरपोर्ट के निदेशक डीबीएस नेगी, सरदार इंद्रजीत सिंह ढिल्लो, दीपक कुमार शर्मा, डॉ. विकास सूर्यवंशी की उपस्थिति रही।



## 'शानदार मार्केट' को बंद करने को नोटिस चस्पां किया



**नहटौर ( चिंगारी )।** बिना अनुमति के सप्ताह में दो बार लगाए जा रहे बाजार को बंद कराने के लिये नहटौर पालिका प्रशासन द्वारा नोटिस जारी किया गया। बाजार लगाने की स्थिति में सामान जब्त करने की चेतावनी दी गई है। शनिवार को अधिशासी अधिकारी की ओर से हलका लेखपाल ब्रह्म सिंह रवि, पालिका कर्मचारी अतुलराज, हर्ष जैन, आकाश आदि ने शानदार मार्केट में पहुंचे। बिना अनुमति के निजी संपत्ति पर 'शानदार मार्केट' नाम से साप्ताहिक बाजार के आयोजनकर्ताओं को नोटिस जारी किया। एक नोटिस बाजार में चस्पां भी किया गया। नोटिस में बाजार के लगने से सड़क जाम की स्थिति बनने एवं सड़क दुर्घटना होने की संभावना जताई गयी। बिना प्रशासनिक स्वीकृति के शानदार मार्केट परिसर में साप्ताहिक बाजार का आयोजन करने पर मार्केट को सील करते हुए बाजार से समस्त सामग्री जब्त करने की चेतावनी दी गई। अधिशासी अधिकारी ओम गिरि ने बताया कि यदि बाजार लगाया गया तो अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं आयोजनकर्ताओं की होगी।

KRISHNA INSTITUTE OF SCIENCE
(Affiliated to Guru Jambheshwar University, Moradabad)
Noorpur Road, BIJNOR (U.P.) 246701

IMMEDIATELY REQUIRES

ASSISTANT PROFESSORS FOR B.C.A.

Qualification
As per UGC/Guru Jambheshwar University, Moradabad Norms.

*Please apply within fifteen days with the Bio-Data, Passport size Photo & Photo copies of the documents to the Chairman or mail at krishnainstitute of science @ gmail.com* **Mob.9105108100**

# 'कविता कारवां' में हुआ 'बस यूं ही' पुस्तक का विमोचन

## पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह रहे मुख्य अतिथि



**रुड़की (चिंगारी)।** उत्तराखंड के संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे आनंद भारद्वाज के काव्य संग्रह 'बस यूं ही' का विमोचन पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह, विक्रमशिला हिंदी विद्यापीठ के उपकुलपति डॉ. श्रीगोपाल नारसन, वरिष्ठ साहित्यकार सुरेंद्र कुमार सैनी, वरिष्ठ शायरा शाहिदा शेख व अन्य कवियों द्वारा किया गया। वर्ष 2025 की विदाई वेला पर आयोजित 'कविता कारवां' का आयोजन साहित्यकार श्रीमती अर्चना त्यागी के आवास 'उत्सव' में किया गया। आयोजन में पूर्व विधायक चौधरी यशवीर सिंह की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का आरंभ गोपाल शर्मा द्वारा दिल्ली के विभिन्न रूपों को उकेरती हुई एक समसामयिक रचना से किया गया। सौ सिंह सैनी ने नीरज की कविता 'जब तलक है लेखनी हम तुम्हें मरने ना देंगें' सुनाई। साहित्यकार कृष्ण सुकुमार ने विभिन्न शायरों के चयनित शेर सुना कर सभी को प्रभावित किया। उनके द्वारा प्रस्तुत 'सूखे पत्तों को हल्की हवा ही काफी है, तुम मुंह फेर के निकले ये सज़ा ही काफी है' काफी पसंद किया गया। डॉ. श्री गोपाल नारसन द्वारा नवाज़ देवबंदी की रचना 'भूखे बच्चों की तसल्ली के लिए, मां ने जब पानी पकाया देर तक सुनाकर सभी की वाहवाही लूटी, वहीं उन्होंने मां पर स्वरचित कविता भी सुनाई।

कविता कारवां के संयोजक पंकज त्यागी 'असीम', ने अपनी एक ग़ज़ल 'हाथ तो बाद में पसारा था पहले उसने अना को मारा था, सुनाई। वर्तमान समय में घृणा और विभाजनकारी प्रवृत्तियों का विरोध करती हुई रचना अनुपमा शर्मा द्वारा पढ़ी गई। डॉ. शालिनी जोशी पंत ने महाभारत के परिप्रेक्ष्य में एक लंबी कविता के अंश सुना कर सबको प्रभावित किया। निखिल पंत ने डॉ. हरिवंश राय बच्चन के परिचय सहित उनकी एक रचना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। श्याम कुमार त्यागी के हास्य/ व्यंग्य के गीत को भी सराहना मिली। नवीन शरण निश्चल द्वारा श्रीमती प्रोमिला दुआ की एक नज़्म को प्रस्तुत किया गया। डॉक्टर आनंद भारद्वाज ने सोम ठाकुर का सुप्रसिद्ध गीत 'सागर चरण पखारे गंगा शीश चढ़ावे नीर, मेरे भारत की माटी है चंदन और अबीर सुनाया। कार्यक्रम में राजीव शर्मा, अंजुल त्यागी, अंजु त्यागी, अनिल वर्मा अमरोहवी, निधी जैन, शाहिदा शेख़, रश्मि त्यागी व अर्चना त्यागी ने भी काव्य पाठ किया।

# बाला जी धाम पर श्रद्धापूर्वक मनाया गया तुलसी जयंती महोत्सव



कार्यक्रम में अतिथि को सम्मानित करते हुए पदाधिकारी।

**धामपुर (चिंगारी)।** संकट मोचन श्री सिद्धेश्वर बालाजी धाम पर तुलसी जयंती महोत्सव आयोजित किया गया। इस अवसर पर काशीपुर से पधारे मेहंदीपुर वाले बालाजी महाराज के महंत अनुपम रस्तोगी तथा उनकी पत्नी एवं गुरु माता भारती रस्तोगी को शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

कालागढ़ मार्ग स्थित बालाजी धाम पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमद् भागवत कथा वाचक आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज ने संगीत मय सुंदरकांड पाठ से किया। इस कार्यक्रम में पंडित माधव कृष्ण भारद्वाज का भी समर्पित योगदान रहा। इसके अतिरिक्त महाराज श्री के संगतकारों प्रतीक अग्रवाल, चेतन सैनी, यशपाल शर्मा, नादान, आशु राजा आदि के अलावा श्री श्याम मित्र मंडल के पंडित विकास वशिष्ठ ने भी योगदान प्रदान किया। सम्मान कार्यक्रम के अंतर्गत काशीपुर से ही पधारे पुनीत अग्रवाल एवं नितिन अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया।

### हंगामा लोक समिति ने भी किया तुलसी पूजन

उधर, नगर के मोहल्ला खातियान स्थित चवन्नी वालों के चौराहे के निकट हंगामा लोक साहित्यिक एवं सामाजिक समिति द्वारा आयोजित सामूहिक तुलसी पूजन कार्यक्रम एवं महामना पंडित मदन मोहन मालवीय जी के जयंती समारोह का शुभारंभ धार्मिक संस्था श्री साईं सेवा संघ के महंत डॉ. जितेंद्र कौशिक महाराज तथा महिला प्रकोष्ठ की महंत बहन निर्मला कौशिक के अलावा आयोजन समिति की संस्थापक राखी कौशिक एवं उपासना कौशिक ने मालवीय जी के चित्र पर माल्यार्पण तथा सामूहिक पूजन से किया।

# संत निरंकारी मिशन ने किया आध्यात्मिक समागम का आयोजन

**कोटद्वार (चिंगारी)।** संत निरंकारी मिशन की ओर से शनिवार को गढ़वाल टंकी के समीप स्थित एक बारातघर के सभागार में आध्यात्मिक समागम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए मिशन के मीडिया प्रभारी आशीष कर्णवाल ने बताया कि समागम में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का सन्देश देते हुए ज्ञानप्रचारिका बहन मंजुला कुमारी ने कहा कि सतगुरु का ज्ञान वह अमृत है, जो सूखे मन को भी प्रेम और आनंद से हरा-भरा कर देता है। कहा कि जब मानव अपने भीतर झांकता है और सतगुरु द्वारा प्रदत्त ज्ञान को अपनाता है, तब जीवन की सुंदरता प्रकट होती है। कहा कि निराकार प्रभु की पहचान होने के बाद दृष्टि बदल जाती है, विचार पवित्र हो जाते हैं और व्यवहार में सहज ही नम्रता आ जाती है। जब हर कण में एक ही निरंकार की अनुभूति होने लगती है, तब द्वेष स्वत: ही विलीन हो जाता है और हृदय प्रेम का मंदिर बन जाता है।

# वीर बाल दिवस पर छोटे साहिबजादों को दी गयी श्रद्धांजलि




**धामपुर (चिंगारी)।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा वीर बाल दिवस के अवसर पर छोटे साहिबजादों को पुष्पांजलि देकर व दीप प्रज्वलित करके श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक व सार्थक रस्तौगी, लक्ष्य सैनी, रुद्र गिरी, राज सैनी, पंखुरी मिश्रा, उदित मिश्रा आदि द्वारा छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम में सार्थक रस्तौगी व लक्ष्य सैनी ने बताया कि वीर बाल दिवस श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों, बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद करने और उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए समर्पित है। जिन्होंने कम उम्र में धर्म और सच्चाई की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। यह दिन 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित किया गया था। कार्यक्रम में सार्थक रस्तौगी, लक्ष्य सैनी, रुद्र गिरि, राज सैनी, पंखुरी मिश्रा, उदित मिश्रा द्वारा अपनी हथेली पर जान रख दे देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति देते हुए छोटे साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। छोटे साहिबजादों के बलिदान को याद करते हुए दो मिनट के मौन के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया।

# धामपुर को स्वच्छ, शिक्षित और स्वस्थ बनाना है - निष्काम गुप्ता

## धामपुर शुगर मिल द्वारा पांच गांवों में लगवाई गई सोलर लाइट्स व हैंडपंप का लोकार्पण



**धामपुर (चिंगारी)।** ग्राम बुआपुर नत्थू में स्थित मां चामुंडा देवी मंदिर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्राम अजीतपुर दासी, जोगीपुरा, मिलक, नसीरपुर बनवारी, बुआपुर नत्थू में स्थापित किये गये 22 सोलर लाइट तथा 4 हैंडपंप का लोकार्पण बुआपुर नत्थू के प्रधानपति ओमराज सिंह, नसीरपुर बनवारी के प्रधान नौबहार सिंह एवं अजीतपुर दासी तथा जोगीपुरा के प्रधान जयवीर सिंह उर्फ पप्पन तथा धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर तीनों गांवों के प्रधानों ने धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता का माल्यार्पण करके गांव वासियों की ओर से स्वागत किया।

धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने बताया कि धामपुर शुगर मिल का प्रयोजन गांवों में केवल सोलर लाइट्स एवं हैंड पंप का स्थापना करना ही नहीं है, बल्कि आसपास के गांवों से जुड़ना तथा उनका सामाजिक स्तर ऊंचा उठाने के लिए मिलजुल करके कार्य करना है। उन्होंने बताया कि धामपुर शुगर मिल के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल के निर्देशन में धामपुर को स्वच्छ धामपुर, शिक्षित धामपुर एवं स्वस्थ धामपुर बनाना है जिसके लिए सभी को मिल जुल कर कार्य करना है। उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता ने धामपुर शुगर मिल के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया।

इस अवसर पर बुआपुर नत्थू के प्रधान ओमराज सिंह ने धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता का सामाजिक दायित्वों के तहत कार्य करने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने मां चामुंडा देवी मंदिर में शौचालय एवं टिन शेड बनाने के लिए अपील भी की। नसीरपुर बनवारी के प्रधान नौबहार सिंह ने भी धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष का आभार व्यक्त करते हुए उनके गांव के विकास के लिए किए गए कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम में अजीतपुर दासी एवं जोगीपुरा के प्रधान जयवीर सिंह उर्फ पप्पन सिंह ने बताया कि धामपुर शुगर मिल प्रबंधन सदैव से उनके गांव के विकास के लिए कार्य करता रहा है, नवमी मेला स्थल पर भी धामपुर शुगर मिल के द्वारा बढ़-चढ़ कर सहयोग किया गया है।

# सर्दी में शरीर को ज्यादा नींद की जरूरत

## आलस को नजरअंदाज न करें, कम सोने वालों को असमय मौत का ख़तरा

*कुछ भालू और कुतरने वाले जानवर सर्दियों में कई महीनों की नींद निकाल लेते हैं। जी हां, उत्तरी अमेरिका और कनाडा के भालू 8 महीनों तक बिना कुछ खाए, पिए, सोते हुए निकाल सकते हैं। इसे विज्ञान की भाषा में हाइबरनेशन कहते हैं। दरअसल बर्फीली जगहों की सर्दियों में शिकार करना और खाना ढूंढना बहुत मुश्किल हो जाता है। इसलिए ये जानवर सर्दियों का पूरा मौसम नींद जैसी अवस्था में हाइबरनेट करते निकाल देते हैं। ताकि अपनी ऊर्जा बचाकर जीवित रह सकें। ठंड के मौसम में तो हम इंसान भी अलसियाने लगते हैं। कंबल-रजाई से करण-अर्जुन जैसा रिश्ता बन जाता है। नींद के झोंके अक्सर हमें बिस्तर तक पहुंचा देते हैं। लेकिन ये बस मौसम की नाजुक मिजाजी है या फिर ठंड में शरीर को ज्यादा नींद की जरूरत पड़ती है। हाल ही में इस बारे में आई रिसर्च तो इसी तरफ इशारा कर रही है। फ्रंटियर्स न्यूरोसाइंस में छपी एक रिसर्च में पता चला है कि सर्दियों में गहरी नींद या REM स्लीप का समय बढ़ जाता है। मतलब सर्दियों में लोग ज्यादा गहरी नींद ले सकते हैं। तो क्या इस रिसर्च के आने के बाद लोगों को मौसम के साथ अपनी नींद में भी बदलाव करने चहिए ?*

## ठंड में होने वाली परेशानियों से भी बचाते हैं ये उपाय

ठंड के मौसम में सर्दी-जुकाम और श्वसन से जुड़ी परेशानियां बढ़ती हैं, लेकिन सही पोषण, जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव और कुछ घरेलू उपाय न सिर्फ इनसे बचा सकते हैं, बल्कि इम्युनिटी भी मजबूत करते हैं। जैसे रोज 7 से 8 घंटे की नींद के साथ ही योग, ध्यान या प्राणायाम संक्रमण से लड़ने की क्षमता को बढ़ाते हैं। ऐसे ही 8 से 10 गिलास पानी पीने से शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर करने में मदद मिलती है। गुनगुने पानी के साथ नींबू अथवा पुदीने का सेवन और भी फायदेमंद है। नियमित रूप से वॉक, साइकिलिंग या रनिंग से भी फायदा मिलता है। इनके अलावा ये चार उपाय भी सर्दियों में होने वाली परेशानियों से बचाने में मददगार हैं।

सर्दी के मौसम में हल्दी, अदरक, तुलसी, आंवला, लहसुन, काली मिर्च का सेवन बेहद फायदेमंद है। जहां हल्दी शरीर से इंफ्लेमेशन घटाती है, वहीं आंवले में विटामिन-सी होता है, जो इम्युनिटी सुधारता है। लहसुन और काली मिर्च में एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो शरीर की सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करते हैं। ऐसे ही कद्दू के बीज, काजू और दालों में जिंक पाया जाता है। यह सर्दी-जुकाम को जल्दी ठीक करने में कारगर है। इसके अलावा रोज सुबह 20 से 30 मिनट धूप लेना भी जरूरी है। इसके साथ अंडे व मशरूम को डाइट में शामिल करने से विटामिन-डी की मात्रा संतुलित रहती है, इससे इम्युनिटी को मजबूती मिलती है।

### संक्रमण से बचाता है गुनगुने पानी का गरारा

*गुनगुने पानी से गरारा करना सर्दियों में काफी फायदेमंद होता है। गुनगुने पानी में नमक डालकर गरारे करने से गले की खराश में राहत मिलती है। यह संक्रमण से भी बचाता है। इसके अलावा नाक बंद होने पर नीलगिरी के तेल के साथ भाप लेने से बंद नाक आसानी से खुलती है।*

### श्वसन से जुड़े तंत्र को बेहतर करती है हर्बल-टी

**अदरक, शहद और नींबू की चाय सर्दी-जुकाम से तो राहत दिलाती ही है, श्वसन तंत्र भी सुधारती है। ऐसे ही शहद, हल्दी व काली मिर्च साथ खाने से गले की खराश दूर होती है। सरसों के तेल में लहसुन मिलाकर छाती पर मालिश करने से जकड़न व सांस की तकलीफ में आराम मिलता है।**




## क्या है REM स्लीप

हमारी नींद कई स्टेज में पूरी होती है, जिसमें से एक है, REM या रैपिड आई मूवमेंट स्लीप। इसमें आंखें तेजी से इधर-उधर हिलती हैं और नींद सबसे गहरी होती है। हमें सपने भी इसी स्टेज में आते हैं। नींद की पूरी साइकिल आप नीचे दिए क्रिएटिव से समझ सकते हैं।

### कितनी नींद है जरूरी और क्यों?

विश्व स्वास्थ्य संगठन **(WHO)** ने अपनी एक रिसर्च में बताया कि 6 घंटे सोने वाले लोगों में सड़क हादसों का खतरा, 7 घंटे सोने वाले लोगों के मुकाबले 33 प्रतिशत ज्यादा हो सकता है। यानी सिर्फ 1 घंटे एक्स्ट्रा नींद से हादसों का खतरा 33 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है।

### सुबह उठकर तेज रोशनी में जायें


अमेरिकी न्यूरोलॉजिस्ट एंड्रिव हबरमैन के मुताबिक सुबह तेज रोशनी में रहने से हमारी नींद पर भी असर पड़ता है। इससे सुबह नींद के हॉर्मोन मेलाटोनिन का निकलना बंद हो जाता है और रात में बढ़ जाता है, जो अच्छी नींद लेने में हमारी मदद करता है।

### एक ही समय पर जागें और सोयें

अक्सर हम काम के दिनों में तो सही समय पर जागते और सोते हैं, लेकिन छुट्टी के दिनों में नींद का कोई ठिकाना नहीं रहता। मेडिकल जर्नल स्लीप के मुताबिक स्लीप हाइजीन यानी रोज बेहतर नींद के लिए रोज एक ही समय पर सोना-जगना बहुत जरूरी है।

### शाम को कॉफी से बनायें दूरी


अक्सर लोग शाम का आलस भगाने के लिए चाय-कॉफी की चुस्कियां लेते हैं। लेकिन ध्यान रहे, ज्यादा कैफीन हमारी नींद पर भी असर डाल सकती है, इसलिए अच्छी नींद के लिए ज्यादा चाय-कॉफी अवॉइड करें।




### कमरे में रखें शांति और अंधेरा

*नींद की क्वालिटी पर लाइट का भी असर पड़ता है, जहां सुबह की रोशनी नींद के लिए अच्छी है, वहीं रात में ज्यादा रोशनी की वजह से नींद पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए सोने के कमरे को लाइटों और स्क्रीन से दूर रखें।*

# सर्दी में गर्म पेय पदार्थ के साथ नियमित व्यायाम आवश्यक




**-डॉ. सुरेश कुमार**

ठंड का मौसम शुरू हो गया है और इस समय अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना शिशु युवा और बुजुर्गों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसी विषय पर सहसपुर नगर के मोहल्ला सराय कला धोबी वाला कुआं निवासी समाजसेवी एवं वर्मा हेल्थ केयर सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बच्चों के स्वास्थ्य के हित में बताते हुए कहा कि बच्चों के लिए गर्म कपड़े, बच्चों को गर्म कपड़े पहनाएं, जैसे कि स्वेटर, मोजे, और टोपी, रोजाना कसरत करें। डॉक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि नियमित व्यायाम, बच्चों को नियमित व्यायाम करने के लिए प्रोत्साहित करें, जैसे कि खेलना, दौड़ना और योग के साथ-साथ गर्म पेय पदार्थ, बच्चों को गर्म पेय पदार्थ दें, जैसे कि दूध, चाय, और सूप, साफ सफाई अर्थात स्वच्छता, बच्चों को स्वच्छता के बारे में सिखाएं, जैसे कि हाथ धोना और नहाना और बड़ों के लिए जैसे गर्म कपड़े पहनें।



❐ गर्म पेय पदार्थ पीएं, जैसे कि चाय, कॉफी और सूप।

❐ स्वस्थ आहार लें, जैसे कि गर्म और पौष्टिक भोजन।

❐ पर्याप्त नींद लें, ताकि आपका शरीर ठंड के मौसम में स्वस्थ रह सके।

❐ डॉ. सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि सामान्य उपाय जैसे हाथ धोना, नियमित रूप से हाथ धोएं, ताकि संक्रमण से बचा जा सके।

❐ मास्क पहनना यदि आपको सर्दी या खांसी है, तो मास्क पहनें, ताकि दूसरे लोगों को संक्रमण न हो।

❐ स्वस्थ जीवनशैली, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, जैसे कि नियमित व्यायाम, स्वस्थ आहार, और पर्याप्त नींद। आखिर में डॉक्टर सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि अगर आप इन उपायों को अपनाकर, आप ठंड के मौसम में स्वस्थ रह सकते हैं और बीमारियों से बच सकते हैं।

# प्यार के नाम पर तीन साल तक करता रहा शारीरिक शोषण

**स्योहारा ( चिंगारी )। क्षेत्र के एक गांव की निवासी एक युवती ने शादी का झांसा देकर तीन वर्षों तक शारीरिक शोषण, धमकी और ब्लैकमेलिंग किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने थाने में दी तहरीर में नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव गांवड़ी पनियाला निवासी शोएब पुत्र वहाजुद्दीन को नामजद करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।**

## युवती ने पुलिस में प्राथमिकी दर्ज करायी

पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक ने उससे प्रेम संबंध स्थापित कर विवाह का वादा किया था। इसी भरोसे के आधार पर वह लगातार उसे गुमराह करता रहा और लंबे समय तक झूठे आश्वासन देकर उसका शारीरिक शोषण करता रहा। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने कई बार उसे अपने घर बुलाया, जहां जबरन उसके साथ संबंध बनाए। शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया है कि एक बार आरोपी ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिला दिया, जिससे पीड़िता बेहोश हो गई। इसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता का कहना है कि इस दौरान आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी बना लिए, जिन्हें अब वह सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता का आरोप है कि जब उसने शादी को लेकर दबाव बनाया तो आरोपी ने साफ तौर पर इंकार कर दिया और उल्टा फोटो-वीडियो वायरल करने के साथ-साथ जान से मारने की धमकी देने लगा। लगातार मिल रही धमकियों और उत्पीड़न के चलते पीड़िता मानसिक तनाव में है। पीड़िता की तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# ईयर फोन लगाकर पटरी पर जा रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**अम्हेड़ा ( चिंगारी )। गांव सल्लाहपुर निवासी करीब 21 वर्षीय युवक की पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक पास ही स्थित ईंट-भट्टे पर काम करता था। पुलिस के अनुसार सल्लाहपुर निवासी शाहिद ( 21 ) पुत्र ताहिर शनिवार सुबह करीब नौ बजे अपने घर से भट्टे पर काम करने के लिए जा रहा था। रेलवे लाइन पार करते समय गजरौला से नजीबाबाद की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेन युवक को काफी दूरी तक घसीटते हुए ले गई। घटना की सूचना ट्रेन चालक द्वारा स्टेशन मास्टर भरत शर्मा को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक मोबाइल फोन पर बात कर रहा था और कान में ईयरफोन लगे होने के कारण उसे ट्रेन के आने का आभास नहीं हो सका। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवा दिया है।**



मृतक का फाइल फोटो

## 'संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को दें'



**नहटौर ( चिंगारी )।** अपराधी गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से नहटौर थाने में बैठक का आयोजन किया। गांव के संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी पुलिस को देने का आह्वान किया। शनिवार को नहटौर थाना परिसर में आयोजित हुई। बैठक में थानाध्यक्ष धीरज नागर ने क्षेत्र के ग्रामों में कैमरों एवं पुलिस गश्त के बारे में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से असामाजिक तत्वों के बारे में पुलिस को जानकारी देने का आह्वान किया। क्षेत्र के उपनिरीक्षक ग्रामीणों के साथ व्हाट्सएप ग्रुप बनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान व सभासद उपस्थित रहे।

# जयंत चौधरी का जन्मदिन मनाया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को राष्ट्रीय लोकदल के ब्लॉक रोड स्थित कैम्प कार्यालय पर केन्द्रीय राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार व राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के जन्मदिन पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय महासचिव चौधरी अजयवीर सिंह एडवोकेट ने केक काटा। इस अवसर पर अजयवीर एडवोकेट ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयन्त चौधरी के आह्वान पर सरकार ने गन्ने का भाव बढ़ाकर 400 रुपये प्रति कुंतल कर दिया। जयन्त चौधरी किसानों के हितों व अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। इस अवसर पर सरदार रविन्द्र सिंह, मुकुल गुप्ता, मुकेश जोशी, सन्दीप जोशी, अर्पित त्यागी, बागेश कुमार व अनुज कुमार आदि उपस्थित रहे।

## भारत लाये थे 30 नई प्लाई, चोरों ने रात में चुराई

**बरुकी ( चिंगारी )।** क्षेत्र के ग्राम सिकैड़ा नवादा में शनिवार रात घने कोहरे का फायदा उठाते हुए चोरों ने एक मकान को निशाना बना लिया। चोर मकान के बाहर बने कमरे से सेटरिंग में इस्तेमाल होने वाली नई प्लाई चोरी कर ले गए। ग्राम सिकैड़ा नवादा निवासी भारत पेशे से चिनाई मिस्त्री हैं और ढूले का कार्य भी करते हैं। वह हाल ही में सेटरिंग कार्य के लिए लगभग 30 नई प्लाई लेकर आए थे, जिन्हें उन्होंने अपने घर के बाहर स्थित एक कमरे में रखा हुआ था। शनिवार रात किसी समय चोर पहुंचे और सभी प्लाई चोरी कर फरार हो गए। चोरी गई प्लाई की कीमत लगभग 70 हजार रुपये बताई जा रही है। सुबह जब भारत कमरे में पहुंचे तो प्लाई गायब देख उनके होश उड़ गए। इसके बाद उन्होंने बरुकी चौकी पहुंचकर घटना की तहरीर दी। घटना के बाद ग्रामीणों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## हमले का आरोपी मुन्ना गिरफ्तार

**नूरपुर ( चिंगारी )।** शनिवार को पुलिस ने रमनदीप पर जानलेवा हमले के मुख्य आरोपी मुन्ना को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गत 23 दिसंबर को मुन्ना ने अपने साथियों साहिल, अमन आदि के साथ मिलकर मोहल्ला रविदासनगर निवासी रमनदीप, गुरप्रीत व इसमल पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया था, जिससे रमनदीप गंभीर रूप से घायल हुआ था, जिसको प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। परिजन उसे दिल्ली ले गए, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने उक्त मामले में साहिल व बाल अपचारी को पकड़कर चालान कर दिया था। लेकिन मुख्य आरोपी मुन्ना के पुलिस पकड़ से दूर होने की वजह से पीड़ित पक्ष में रोष बढ़ रहा था। जिसको गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने शनिवार को मोहल्ला मोहम्मद नगर निवासी मुन्ना को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है। युवकों के दोनों गुटों बीच कुछ दिन पूर्व भी विवाद हुआ था, जिसमें दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया था। उसी पुरानी रंजिश को लेकर यह मारपीट हुई थी, जबकि कुछ लोग मामले को ओरंगजेब पर टिप्पणी करने से जोड़ रहे हैं।

# नाबालिगों के अपहरण के आरोप में दो गिरफ्तार, महिला अभी फ़रार

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** अपहरण के दो आरोपियों को हीमपुर दीपा पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 21 दिसंबर को थाना पहुंचकर तहरीर दी कि उसकी तथा एक अन्य की पुत्रियों को कुछ अज्ञात बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गए। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा की गई सघन जांच के बाद अक्षय कुमार पुत्र नरेंद्र, रोहित पुत्र नंदू ग्राम बोराकी, थाना नजीबाबाद के अलावा लक्ष्मी पत्नी कपिल गांव फैजीपुर खादर थाना हीमपुर दीपा के नाम प्रकाश में आए। पुलिस टीम ने शुक्रवार को अक्षय कुमार और नरेंद्र कुमार को धर दबोचा, जबकि महिला आरोपी अभी फरार बताई जा रही है। सभी आरोपियों पर पोक्सो एक्ट की बढ़ोतरी की गई। टीम में उपनिरीक्षक जगत सिंह हेड, कांस्टेबल अमित वर्मा, कांस्टेबल सचिन, सार्थक, महिला हेड कांस्टेबल संगीता शामिल रहे।




# विद्यालय में हुआ सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम

**नहटौर ( चिंगारी )। बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज नहटौर में सप्तशक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। महिलाओं से वसुधैव कुटुंबकम की भावना विकसित करने का आह्वान किया।**

कॉलेज में आयोजित सप्तशती संगम कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जीजीआईसी प्रधानाचार्या बबीता रानी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। प्रीति अग्रवाल की अध्यक्षता एवं कविता रानी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य वक्ता निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर नजीबाबाद की फूलमाला वर्मा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना पड़ेगा। देश एवं समाज को आगे बढ़ाने में महिलाओं की अहम भूमिका है। उन्होंने बताया आजादी में महिलाओं की अहम भूमिका रही है। महारानी लक्ष्मीबाई, अहिल्याबाई, रानी दुर्गावती आदि महिलाओं का अहम योगदान रहा। मनु नागर ने कहा कि अपने बालक-बालिकाओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कारवान बनायें। रजनी टोंक ने कहा कि महिलाएं अपने अंदर वसुधैव कुटुंबकम की भावना को बढ़ावा दें। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रश्नों के सही उत्तर देने वाली महिलाओं को मैडल देकर सम्मानित किया गया। प्रबंधन की ओर से लक्ष्मी देवी, बबीता रानी, उषा देवी, राजू देवी आदि को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक कविता रानी ने महिलाओं को शपथ दिलवाई। छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।



# कोतवाली देहात में चोर चुस्त, पुलिस सुस्त

# भाकियू हिन्द ने की चोरी की घटनाओं के खुलासे की मांग



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** क्षेत्र में पिछले एक महीने के अंदर दर्जनभर से ज्यादा घरों को चोरों ने निशाना बनाया है और वारदात को अंजाम दिया है। चोरी की घटनाओं को लेकर कोतवाली देहात पुलिस सुस्त नजर आ रही है जबकि क्षेत्र में चोर चुस्त नजर आ रहे हैं। इन्हीं घटनाओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन हिंद के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने थानाध्यक्ष को संबोधित ज्ञापन देते हुए पिछले दिनों हुई चोरी के खुलासे की मांग की है तथा आगे इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग भी की है।

थाना क्षेत्र में ग्राम महमदपुर दौलताबाद, पित्तनहेड़ी ज़िया सहित कई गांवों में दर्जन भर से ज्यादा घरों में बदमाशों ने चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया है जिसमें लोगों का लाखों रुपए का सामान व नगदी चोरी कर ले गए क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों में दहशत का माहौल है। एक ओर जहां योगी सरकार में बदमाश अपनी जान की सलामती मांग रहे हैं वही कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में पुलिस को चोर खुली चुनौती दे रहे हैं। चोरी की घटनाओं को लेकर पुलिस की कार्यशाली पर प्रश्न चिन्ह खड़े हो रहे हैं इसी को लेकर भारतीय किसान यूनियन हिंद के कार्यकर्ता जावेद, आनंदपाल, संतराम, फुरकान, सुल्तान, नौशाद आदि ने थानाध्यक्ष को ज्ञापन देकर चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा करने की मांग की है। सूत्रों की माने तो पुलिस ऐसे कार्यों में रुचि लेती है जिसमें उनका सीधा फायदा नजर आता है। कोतवाली देहात पुलिस की कार्यशाली को लेकर तरह-तरह के प्रश्न खड़े हो रहे हैं। एक दरोगा पर मनमाने ढंग से थाना चलाने का आरोप भी लग रहा है। दरोगा जी की आला अधिकारी से शिकायतें भी हो चुकी हैं।

# चौधरी जयंत सिंह का जन्मदिन मनाया

# तुम जियो हज़ारों साल



**बिजनौर ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री भारत सरकार माननीय चौधरी जयंत सिंह जी का जन्मदिन जनपद मे कई स्थानो पर बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। खासकर युवाओं में चौधरी सहाब के लिए एक अलग सा जोश देखने को मिला। जिलाध्यक्ष नागेन्द्र पवार के आवास पर केक काटा गया। कार्यक्रम में सर्वश्री नागेन्द्र पंवार जिलाध्यक्ष रालोद, प्रदेश महासचिव अशोक चौधरी, प्रदेश सचिव काजी तारिक अली, एससी एसटी प्रकोष्ठ रोहिलखंड अध्यक्ष सरदार बुध सिंह, सैनिक प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष लवकुश फौजी, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह, जिला उपाध्यक्ष बॉबी चौधरी, नगीना विधानसभा अध्यक्ष चौधरी कल्लू सिंह सारंग, छात्र सभा जिला अध्यक्ष परितोष चंदेल, दीपक डबास नगर अध्यक्ष बिजनौर, जिला महासचिव चौधरी ब्रजवीर सिंह आर्य, जिला महासचिव हकीम मुक्सित खान, जिला महासचिव सुभाष काकरान,जिला सचिव नसीम अर्शी, प्रमोद कुमार, शोएब चौधरी प्रदेश क्षेत्रीय महासचिव युवा, ओमवीर सिंह मलिक, बिजेंदर राना, सत्येंद्र सिंह, जितेश कुमार, योगेंद्र ढाका, कैलाश सिंह, सुनील कुमार, सुभाष तोमर, नरेश चंदेल, मनु चौधरी, महेंद्र सिंह, वंश सारंग, पीयूष चंदेल, आयुष चौधरी, राहुल रवि, पंकज त्रिपाठी, चौधरी जगबीर सिंह, मोनू सिंह, गजेंद्र सिंह, जयवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# चौ. जयंत का जन्मदिन मनाया

# रागिनी का कार्यक्रम कराया

**पैजनिया ( चिंगारी )।** राष्ट्रीय लोकदल युवा के पूर्व जिलाध्यक्ष निपेन्द्र चौधरी के नेतृत्व में एक बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महासचिव अशोक कुमार ने केक काटा और जयंत सिंह की दीर्घ आयु की कामना की। इससे पूर्व निपेन्द्र चौधरी, गजेन्द्र चौधरी, सचिन अहलावत, महेश कुमार शर्मा, ग्राम प्रधान मा. इंतजार, चौधरी बिरेन्द्र सिंह, चौधरी योगराज आदि ने मुख्य अतिथि अशोक चौधरी का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध रागिनी गायक ऋषिपाल खदाना, बुलंदशहर में रागिनी गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास चौधरी, बिजेन्द्र तोमर मुकरपुर सत्ती, बब्लू चेयरमैन सल्लाहपुर, सतवीर प्रधान पोटा, दिलावर प्रधान कुंडा का सहयोग रहा।



## कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिये करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन

# अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें - सुधांशु

**मंडावर ( चिंगारी )।** एलआरडी एसवीएम इंटर कालेज मौंहड़िया, मंडावर में कक्षा 12 के विद्यार्थियों के लिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में इंजीनियर सुधांशु सिंह ने विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। इंजीनियर सुधांशु सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों, प्रतियोगी परीक्षाओं, तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं लक्ष्य निर्धारण के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार विषय चयन करने तथा निरंतर परिश्रम व अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान



विद्यार्थियों ने अपने करियर से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका समाधान सरल एवं प्रेरणादायक उदाहरणों के माध्यम से किया गया। विद्यालय के प्रबंधक भूदेव सिंह ने इंजीनियर सुधांशु सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। यह जानकारी विद्यालय के मीडिया प्रभारी देवेन्द्र कुमार ने दी।

# सिख संगत ने गुरुद्वारे से निकाली तीसरी प्रभातफेरी

## सम्मान करने वालों को भेंट किया गया सरोपा

**धामपुर ( चिंगारी )। गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से शनिवार को निकाली गई तीसरी प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में उमड़ी संगत ने गुरु वाणी कीर्तन के सामूहिक उच्चारण द्वारा दसों गुरुओं, चारों साहिबजादो तथा माता गुजर कौर के प्रति श्रद्धा भावना प्रदर्शित की।**

गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा से गुरु महाराज के वजीर ज्ञानी रघुवीर सिंह एवं गुरुद्वारा की प्रबंध समिति के अध्यक्ष सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट एवं सचिव सरदार गुरु चरण सिंह चावला के निर्देशन में निकाली गई तीसरी प्रभात फेरी में जिला गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी बिजनौर के जिला अध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा ने गुरुवाणी शबद जित्थे जित्थे बेखिआ मैं तेरा रूप बेखिआ की प्रस्तुति से निर्धारित मार्गो को गुरु वाणी मय बना दिया। इसके अलावा सरदार अमरजीत सिंह एडवोकेट, डॉक्टर अमरजीत सिंह चावला, सरदार इंद्रपाल सिंह छाबड़ा, सरदार गुरदीप सिंह चावला, रोमी सरदार हरपाल सिंह चावला, गुलशन लाल छाबड़ा, बीबी मनमीत कौर मोगा, खुशी रानी छाबड़ा, मुस्कान छाबड़ा, अश्मित कौर चावला, अर्शी रानी चावला, एलिस मोगा आदि सरदार



सुधीर अग्रवाल सर्राफ को सम्मानित करते हुए सिख संगत।

तरनप्रीत सिंह सीडाना सरदार सर्वजीत सिंह सरदार अंश सिंह सरदार सुप्रीत सिंह सरदार सतकीरत सिंह आदि की वादन कला को समूची संगत ने बेहद सराहा। नगर के मोहल्ला खातियान मे लाला मालती प्रसाद अग्रवाल सर्राफ के परिवार की ओर से प्रभात फेरी के स्वागत कार्यक्रम में सुधीर कुमार अग्रवाल सर्राफ एवं उनकी धर्म पत्नी वंदना अग्रवाल मानस अग्रवाल हिमानी अग्रवाल अंकिता अग्रवाल विजय प्रसाद अग्रवाल एवं कुसुम देवी अग्रवाल विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल पिंटू एवं नमिता अग्रवाल आलोक बंसल एवं श्वेता बंसल डॉक्टर तनिषका अग्रवाल पियूष बंसल एवं शिल्पी बंसल प्रांजल अग्रवाल एवं डॉक्टर परिधि अग्रवाल आदि ने सहभागिता की। इसके अलावा पंजाबी कॉलोनी में समाजसेवी चिकित्सक डॉक्टर वीरेंद्र शर्मा तथा ग्राम जीतनपुर में सुरेंद्र कंबोज के परिवार की ओर से प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। प्रभात फेरी का स्वागत करने वाले परिवारों को गुरुद्वारा की प्रबंध समिति की ओर से शॉल ओढाकर तथा पटके पहनाकर और सरोपा एवं स्मृति चिन्ह भेट करके सम्मानित किया गया निर्धारित मार्गो की परिक्रमा के बाद प्रभात फेरी गुरुद्वारा में पहुंचकर संपन्न हुई। जहां समूची संगत में शामिल गुरमुख परिवारों ने गुरुद्वारा परिसर में स्थापित निशान साहिब की परिक्रमा करते हुए चौपाई साहिब जी के पाठ का सामूहिक उच्चारण किया।

# एमएलसी अश्वनी त्यागी ने दुष्यंत त्यागी की स्मृति में बनने वाले ऑडिटोरियम की जानकारी ली

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय जनता पार्टी के एमएलसी अश्वनी त्यागी ने दुष्यंत कुमार त्यागी की स्मृति में बनने वाले ऑडिटोरियम व संग्रहालय के शिलान्यास से पूर्व की जानकारी लेने के लिए राजपुर नवादा पहुंचे। उनका कवि दुष्यंत त्यागी द्वार पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। उन्होंने ऑडिटोरियम की खाली पड़ी भूमि का निरीक्षण कर दुष्यंत कुमार के पैतृक आवास को देखा जो अब खंडहर के रूप में बदल चुका है। उन्होंने वहां पर उपस्थित लोगों के समक्ष सहायक परियोजना निदेशक व जूनियर इंजीनियर सुधीर कुमार से निर्माण कार्य के लिए बनाए गए नक्शा व भवन के बारे में विस्तार से जानकारी ली। जूनियर इंजीनियर सुधीर कुमार ने बताया खाली पड़ी 889 वर्ग मीटर भूमि में ओपन ऑडिटोरियम बनेगा तथा दुष्यंत कुमार की प्रतिमा लगाई जाएगी, उसे विस्तृत रूप से उसे सजाया जाएगा, बैठने व पैदल चलने की अन्य सुविधाएं एवं आकर्षक ऑडिटोरियम सजाया जाएगा। इसके अतिरिक्त दुष्यंत कुमार के पैतृक आवास के कक्षों को निर्धारित नशे के अनुसार आकर्षण मूर्त रूप दिया जाएगा। इस पूरी परियोजना में 6 करोड़ 87 लाख रुपए की लागत आएगी। एमएलसी अश्वनी त्यागी ने बताया जनवरी माह में संस्कृति मंत्री जगबीर सिंह व देश के विख्यात साहित्यकारों, कवियों, लेखकों व जनप्रतिनिधियों के समक्ष इसकी नींव रखी जाएगी। एमएलसी अश्वनी त्यागी दुष्यंत कुमार के बाल सखा स्वर्गीय सत्य कुमार त्यागी के आवास पर भी पहुंचे तथा उनके पुत्र आलोक त्यागी से मुलाकात की। आलोक त्यागी ने अपने परिजनों के साथ उनका गुलदस्ता भेंट कर अंग वस्त्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर अश्वनी त्यागी ने कहा कि आज सत्य कुमार त्यागी की आत्मा भी निश्चित रूप से प्रसन्न होंगी क्योंकि वह चाहते थे कि उनके दोस्त दुष्यंत कुमार की स्मृति में यह भव्य ऑडिटोरियम बनकर तैयार हो जाए, यह उनका सपना साकार होता नजर आ रहा है। इस अवसर पर मुरादनगर के ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, अतुल कुमार त्यागी, भाजपा बिजनौर के पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव सिसोदिया, सत्यवीर त्यागी, कुलदीप त्यागी, बलराज त्यागी, चौधरी चरण सिंह, अनुज त्यागी, मुकेश त्यागी, राजीव त्यागी, अभय देव त्यागी, निर्भय त्यागी, विपुल त्यागी, सोनू त्यागी, भोला नाथ त्यागी, मुकुल त्यागी, अवधेश कुमार, सुधीर कुमार, राजन टंडन गोल्डी आदि उपस्थित रहे।



राजपुर नवादा पहुंचे एमएलसी अश्वनी त्यागी।

## कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस पर किया विचार गोष्ठी का आयोजन

### मनरेगा का नाम बदलना महात्मा गांधी का अपमान बताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के आह्वान एवं जिलाध्यक्ष श्रीमती हैनरीता राजीव सिंह के निर्देश पर कांग्रेस पार्टी के 140 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के निवास पर एक विचार गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महासचिव ब्लॉक प्रभारी हाजी नसीम अंसारी की अध्यक्षता एवं नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के संचालन में कांग्रेस पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किये। जिला उपाध्यक्ष सलाउद्दीन सैफी ने कहा मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर महात्मा गांधी का अपमान किया है तथा इस योजना को खत्म करना चाहते हैं, कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेंगी। हाजी नसीम अंसारी ने कहा कांग्रेस पार्टी ने इस देश को अपने खून से सींचा है, कांग्रेस पार्टी देश की आजादी में अहम भूमिका निभाई है। बैठक में सलाउद्दीन सैफी, अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, शराफत चैधरी, भानू प्रकाश, जफर आलम, परवेज अली, कारी नौशाद, डॉक्टर सलीम सैफी, जीशान सैफी, राकेश शर्मा आदि मौजूद रहे।



विचार गोष्ठी को संबोधित करते सलाहुद्दीन सैफी।

## पत्नी के मायके जाने से दुखी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

गंज (चिंगारी)। पत्नी के मायके चले जाने से क्षुब्ध एक युवक ने फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। गंज निवासी मोनू (25 वर्ष) पुत्र लाखन सिंह का अपनी पत्नी से मामूली बातों को लेकर विवाद रहता था। दो दिन पूर्व पति-पत्नी में झगड़ा हुआ था। पत्नी अपने मायके चली गई थी जिससे खिन्न हो कर मोनू ने बीती रात छत में लगे कड़े से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली । गंज पुलिस चौकी इंचार्ज रोहिताश सिंह ने थाना कोतवाली शहर बिजनौर को सूचना दी जिस पर सी ओ संग्राम सिंह पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मोनू के शव को फंदे से उतरवा कर पीएम के लिए भेजा। मालूम हो कि मोनू की शादी लगभग 8 वर्ष पूर्व ब्लॉक जलीलपुर के महलका नंगला गांव में हुई थी । मोहल्ले वासियों के अनुसार कुछ समय से मोनू व उसकी पत्नी गुड़िया में क्लेश चल रहा था। जिसके चलते मोनू की पत्नी गुड़िया ने मायके से अपने से परिजनों को बुला लिया था। परिजनों पुलिस की सहायता से गुड़िया को अपने साथ ले गए थे । मोनू के एक लड़की (7 वर्ष) तथा एक लड़का (5 वर्ष) का है।



## गुरू गोबिंद सिंह जयंती पर निकाली गई प्रभातफेरी

नजीबाबाद (चिंगारी)। गुरुद्वारा प्रबंध समिति की निगरानी में सिखों के दशम गुरु गुरु गोबिंद सिंह की जयंती पर शहर में प्रभात फेरियों का आयोजन किया गया। शनिवार को गुरुद्वारा गुरु नानक शाही सिंह सभा के ज्ञानी मनजिंदर सिंह व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह वाधवा के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। कीर्तन मंडली व संगत के साथ गुरु गोबिंद सिंह का गुणगान करते हुए प्रभात फेरी आदर्शनगर में सरदार हरनाथ सिंह के आवास पर पहुंची। आदर्शनगर में प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर शबद-कीर्तन आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये। प्रभात फेरी में सुखलीन कौर, गुरलीन कौर, कंवल कौर, सरदार बलबीर सिंह, हरभजन सिंह सहगल, हरेंद्र सिंह, एसपी खन्ना, दिव्य जोत सिंह, प्रद्युम्न सिंह, मनमोहन सिंह आदि शामिल रहे।



## ईंट-भट्टा स्वामियों ने उत्पीड़न से निजात दिलाने की मांग की



नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ईंट भट्टा स्वामी उपयुक्त वस्तु एवं सेवाकर नजीबाबाद को ज्ञापन देकर राज्य कर अधिकारियों द्वारा ईंट-भट्टा स्वामियों का उत्पीड़न व उन्हें परेशान किये जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में ईंट-भट्टा स्वामियों ने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने सिविल अपील में पारित आदेश में 18 अगस्त 2024 से पूर्व की बकाया रायल्टी पर आरोपित जुर्माना व ब्याज की वसूली को समाप्त कर दिया है। पूर्व में भी इस आदेश से अवगत करा दिया गया था। ईंट-भट्टा स्वामियों ने कहा कि वर्तमान में वह काफी दयनीय स्थिति से गुजर रहे है। गतवर्ष भी अचानक वर्षा से ईंटों का उत्पादन प्रभावित हुआ था। बड़ी संख्या में अर्द्धनिर्मित ईंटें वर्षा के कारण गल कर मिट्टी हो गई थी। जिस वजह से ईंट-भट्टा स्वामियों को भारी आर्थिक हानि उठानी पड़ी थी। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह, तहसील अध्यक्ष हरेंद्र सिंह मलिक, शाहनवाज अहमद, इजहार उल हक शाह, मौहम्मद फुरकान अहमद, बॉबी कुमार, राजू कुमार, मौहम्मद अहसान, सत्येंद्र कुमार सहित काफी संख्या में ईंट भट्टा स्वामी मौजूद रहे।

## विवेक यूनिवर्सिटी ने किया नववर्ष के कैलेंडरों का वितरण

नजीबाबाद (चिंगारी)। विवेक यूनिवर्सिटी, बिजनौर द्वारा नववर्ष के शुभ अवसर पर नजीबाबाद क्षेत्र में हर साल की भांति इस वर्ष भी विवेक यूनिवर्सिटी के नववर्ष कैलेंडरों का पूरे शहर में नि:शुल्क वितरण किया। यह कार्यक्रम डॉ. रिजवान अहमद प्रोफेसर विवेक यूनिवर्सिटी बिजनौर के कुशल पर्यवेक्षण में संपन्न हुआ। इस पहल का उद्देश्य समाज से जुड़ाव को सशक्त करना व नववर्ष के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा। कैलेंडर वितरण के दौरान स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं शिक्षाविदों ने विवेक यूनिवर्सिटी की इस सामाजिक पहल की मुक्तकंठ से सराहना की। लोगों का कहना था कि विवेक यूनिवर्सिटी शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी ईमानदारी से निर्वहन कर रही है। इस अवसर पर डॉ. रिजवान अहमद ने कहा कि विवेक यूनिवर्सिटी सदैव शिक्षा, सेवा व समाज के समन्वय में विश्वास रखती है। ऐसे कार्यक्रम विश्वविद्यालय की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं तथा आमजन के साथ सकारात्मक संबंधों को मजबूत करते हैं। नजीबाबाद क्षेत्र के लोगों ने विवेक यूनिवर्सिटी की इस जनकल्याणकारी पहल के लिए विवेक यूनिवर्सिटी बिजनौर के कुलाधिपति अमित गोयल व समस्त प्रबंधतंत्र का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे सामाजिक कार्यक्रमों की अपेक्षा जताई।



# दिव्यांगों को सशक्त बनाना सबकी जिम्मेदारी : ऋतु खण्डूरी

## 'सक्षम' ने दिव्यांगों को बांटे सहायता उपकरण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दिव्यांगों के हित में कार्य कर रही संस्था सक्षम की ओर से शनिवार को पदमपुर स्थित एक बारातघर के सभागार में दिव्यांग सहायता उपकरण वितरण एवं बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान दिव्यांग लाभार्थियों को व्हीलचेयर, ब्लाइंड स्टिक व बैशाखी सहित अन्य उपकरण वितरित करने के साथ ही दिव्यांग प्रमाण-पत्र भी बनाए गए।

शिविर का आरंभ करते हुए प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने कहा कि दिव्यांगजन समाज का अभिन्न अंग हैं तथा उन्हें सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना सरकार एवं समाज दोनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों के कल्याण, पुनर्वास और सशक्तिकरण हेतु निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में दिव्यांगजनों से जुड़ी समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। तत्पश्चात दिव्यांग लाभार्थियों को 10 व्हीलचेयर, 10 ब्लाइंड स्टिक तथा 10



बैसाखी सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए। शिविर के दौरान दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाए गए। साथ ही विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श भी प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में सक्षम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर, अध्यक्ष योगंबर सिंह रावत, समाज कल्याण अधिकारी रोहित कुमार, शोभित सिंह, प्रांत अध्यक्ष ललित पंत, प्रांत संरक्षक ललित उप्रेती और भाजपा मंडल प्रेमा खंतवाल सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता प्रारंभ

### जूनियर बालक एवं बालिका करेंगे प्रतिभाग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत उमरावनगर स्थित एसजी गार्डन बारातघर के सभागार में शनिवार से तीन दिवसीय आठवीं राज्य स्तरीय जूनियर बालक, बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता आरंभ हो गई है। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि प्रदेश विधान सभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने कहा कि खेल विभाग और उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के इस तरह के आयोजन से बच्चों को एक अच्छा मंच मिलता है जिससे वह प्रदेश और देश का नाम रोशन करते है। कहा कि प्रतियोगिता में बच्चे अपनी छाप छोड़ने के साथ अपना भविष्य भी सुधारने का कार्य करेंगे। मौके पर उन्होंने उत्तराखंड के सभी 13 जिलों के सभी 180 प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह रावत, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा शशिबाला केष्टवाल, जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा सुरेंद्र सिंह सैनी, मण्डल अध्यक्ष आशीष रावत, प्रेमा खंतवाल, अध्यक्ष बॉक्सिंग संघ पौड़ी रितेश अधिकारी, पार्षद नीरूबाला खंतवाल, अमित नेगी, किरन काला, संजय द्विवेदी, गोपाल जखमोला और विनोद धूलिया आदि उपस्थित रहे।

## कोटद्वार में उठी सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** हक की आवाज़ और हिमालय का अस्तित्व कहे जाने वाले सोनम वांगचुक की रिहाई की मांग कोटद्वार में गूंज उठी। हिमालय के रक्षक और देश के जाने-माने पर्यावरणविद सोनम वांगचुक की हिरासत को तीन माह पूरे हो चुके हैं। इस मुद्दे पर पूरे देश में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। इसी को लेकर कोटद्वार में एक्टिविस्ट मुकेश सेमवाल के नेतृत्व में व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया गया।




यहां तीलू रौतेली चौक पर आयोजित कार्यक्रम में वांगचुक की रिहाई की मांग की गई। अभियान का नेतृत्व कर रहे मुकेश सेमवाल ने कहा कि सोनम वांगचुक ने अपना पूरा जीवन देश की सेना और पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया है। समाजसेवी मुजीब नैथानी ने उत्तराखंड की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पहचान इसकी प्राकृतिक सुन्दरता से है, जिसे देखने हर साल करोड़ों पर्यटक आते हैं, लेकिन विकास के नाम पर पौड़ी से लेकर गंगोत्री तक जिस तरह से पेड़ों का कटान हो रहा है वह भविष्य में राज्य के अस्तित्व के लिए एक बड़ा खतरा साबित होगा। इस मौके पर शिवम नेगी, उत्कर्ष नेगी, स्वयंसेवक ज्योति सजवान, सतेन्द्र, निरज, अनुज, विनय, संदीप रावत, सुधांशु थपलियाल, अनिकेत नौटियाल आदि शामिल थे।

## सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ, मंगलम का शरदोत्सव समाप्त

### झुमका गिरा रे व ढोलना पर झूम उठे दर्शक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** मंगलम सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था की ओर से आयोजित दो दिवसीय झण्डी चौड़ शरदोत्सव का समापन हो गया है। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों व खेलों के आयोजन सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। द्वितीय दिवस के कार्यक्रमों का आरंभ पूर्व कांग्रेस मेयर प्रत्याशी कांग्रेस रंजना रावत, महानगर कांग्रेस अध्यक्ष मीना बछवाण, पूर्व ब्लॉक प्रमुख दुगड्डा गीता नेगी व पूर्व सैनिक संयुक्त संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेन्द्र पाल सिंह रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके किया। तत्पश्चात आयोजित गतिविधियों के अंतर्गत जूनियर वर्ग की लोकनृत्य प्रतियोगिता में टी.सी.जी. पब्लिक स्कूल गोविन्द नगर ने प्रथम, ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल नजीबाबाद रोड ने द्वितीय व हिमालयन विद्या निकेतन मिलनचौक व स्टार टच ग्लोबल पब्लिक स्कूल दुर्गापुर ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालिकाओं की एकल नृत्य प्रतियोगिता में पावनी भट्ट ने पहला, हंसिका ने दूसरा और आयुषी रावत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत छात्रों की आयो रे आयो रे मारो ढोलना, जिया कोरी कोरी खांदू, झुमका गिरा रे, धागे तोड़ लाऊ, राधा तेरी चुनरी आदि गानों पर नृत्य व योग की प्रस्तुति ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। वहीं विशिष्ट क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मनीषियों में खेल जगत में सुधांशु नेगी, गौरैया संरक्षण में दिनेश चंद्र कुकरेती व गौ संरक्षण में जसपाल सिंह रावत को मंगलम सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष उमेश रावत, सचिव रामप्रकाश ध्यानी, रोहित चौधरी, रजनीश शर्मा, पूर्व प्रधान राम सिंह, रजनी अग्रवाल, पार्षद सुखपाल शाह, पार्षद जे.पी. बहुखंडी व विकास बिष्ट सहित क्षेत्रीय जनता मौजूद रही।

चिंगारी
समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
कोटद्वार
मो. 9412922231, 7417871942

## रोटरी स्वर्ण जयंती मेले में हुये अनेक कार्यक्रम

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से देवी रोड स्थित विजय गार्डन में तीन दिवसीय रोटरी स्वर्ण जयन्ती नव वर्ष मेले का शुभारंभ पूर्व केबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने किया। रोटरी अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्वस्थ एवं सुसंस्कृत समाज की परिकल्पना को साकार करने के लिए क्लब लंबे समय से मेले का आयोजन करता आया है। मेले में खेल सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने क्लब द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन बच्चों की क्षमता एवं प्रतिभा को निखारने का कार्य करते हैं। तत्पश्चात आयोजित रंगोली प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में अंजलि पहले, आसियान नाज दूसरे और एल्पिया असेड़ी तीसरे स्थान पर रही। जूनियर वर्ग में सम्भवी ने पहला, सिद्धि ने दूसरा और ऐंजल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में देव पहले, रूद्राक्षी दूसरे और अंश तीसरे स्थान पर रहे। वहीं प्राइमरी वर्ग में आरोही सतीजा



कोटद्वार के विजय गार्डन में रोटरी क्लब की ओर से आयोजित मेले में प्रस्तुति देती नन्हीं बालिका।

ने पहला, स्वामरागिनी ने दूसरा और गुरमीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। मेले में मनोरंजन स्टाल, खान-पान के स्टाल व कम्पनियो के स्टाल भी आकर्षण का केंद्र रहे।

इस दौरान क्लब सचिव विजय कुमार, कोषाध्यक्ष धनेश अग्रवाल, मेला संयोजक अभय रावत, उपाध्यक्ष डीपी सिंह, उपसचिव बीना रावत, अनीत चावला, सचिन गोयल, वाई पी गिलरा और गोपाल बसंल सहित क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे।

## पुलिस ने मिनटों में ढूंढा खोया हुआ मोबाइल

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** दिल्ली से घूमने आये पर्यटकों का खोया मोबाइल फोन कोटद्वार पुलिस ने चन्द मिनटों में ही ढूंढ लौटाया। पर्यटकों ने पुलिस टीम को कहा थैंक्स उत्तराखंड पुलिस। जानकारी के मुताबिक दिल्ली से श्रीमती श्रीजना वेज पत्नी देवोप्रियो वेज नि.-द्वारिका सेक्टर 1 नई दिल्ली अपने परिवार के साथ लैन्सडाउन में घूमने आये थे। सिद्धबली मन्दिर से आटो मे दिल्ली जाने के लिये रेलवे स्टेशन कोटद्वार आ रहे थे कि रास्ते में उनका मोबाइल सेमसंग ए 30 एस नम्बर 8587954349 कहीं गुम हो गया था। उन्होंने पुलिस को मोबाइल गुम होने की सूचना दी, जिस पर तुरन्त चौकी प्रभारी विनोद चपराणा व चीता पुलिस द्वारा श्रीजना वेज का मोबाइल को ट्रैक कर 10-15 मिनट के अन्दर ही ढूंढ कर वापस किया गया। जिन पर कोटद्वार (उत्तराखण्ड) पुलिस का दिल से धन्यावाद किया। स्थानीय लोगों द्वारा भी उत्तराखण्ड पुलिस की प्रसंशा की जा रही है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# घने कोहरे में गाड़ी तेज चलाने से मना करने पर ड्राइवर के साथ मारपीट

## हमलावरों ने गाड़ी में आग लगा दी

बिजनौर (चिंगारी)। घने कोहरे के दौरान ड्राइवर के गाड़ी तेज न चलाने पर दो युवकों ने ड्राइवर के साथ न केवल मारपीट की, बल्कि उसकी गाड़ी में भी आग लगा दी। ड्राइवर ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है। पीड़ित ड्राइवर अबरार अहमद ने बताया कि काजीपाड़ा के दो लोगों ने दिल्ली के लिये उसकी गाड़ी बुक की थी, उन्हें एयरपोर्ट जाना था। वे बीती रात करीब साढ़े 10 बजे बिजनौर से दिल्ली के लिये चले थे। गाड़ी में दो लोग काशिफ और शादाब व एक महिला बैठी थी। अबरार के अनुसार जब गाड़ी बैराज के पास पहुंची तो गाड़ी सवार दोनों लोग उससे गाड़ी तेज चलाने के लिये कहने लगे। घने कोहरे के कारण वह गाड़ी तेज नहीं चला सकता था। उसने कोहरे का हवाला देते हुए गाड़ी तेज चलाने से मना किया तो आरोप है कि उक्त दोनों लोग उसके साथ गाली-गलौच करने लगे। उसने गाड़ी सड़क किनारे खड़ी कर दी। जिस पर उक्त दोनों लोगों ने उसके साथ न केवल मारपीट की, बल्कि उसकी गाड़ी में भी आग लगा दी। अबरार ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी है।


तुरन्त आवश्यकता

चौधरी यामाहा की वर्कशॉप में एक कुशल व अनुभवी मैकेनिक की। कम से कम एक साल के अनुभवी को प्राथमिकता। आकर्षक वेतन, योग्यता व अनुभवानुसार। सम्पर्क करें-
सिविल लाइंस, स्टेशन रोड, बिजनौर मो. 9927004784





गीजर ही गीजर
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।
खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476




Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt
Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE PUMA SKECHERS WOODLAND RED CHIEF Lee Cooper campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor


## सीएम योगी ने किया 'यक्ष ऐप' का लोकार्पण

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय में शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का सम्मेलन पुलिस मंथन-2025 चल रहा है। दो दिवसीय आयोजन का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। इसमें साइबर अपराध, मानव तस्करी, सोशल मीडिया से जुड़े मुद्दों सहित कानून-व्यवस्था से संबंधित विभिन्न चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री के आगमन पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण, एडीजी पीएसी रामकृष्ण स्वर्णकार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत किया। मुख्यमंत्री को इस अवसर पर परंपरागत गार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सम्मेलन के बीट पुलिसिंग सत्र में मुख्यमंत्री ने 'यक्ष ऐप' लॉन्च किया। 'यक्ष ऐप' का लोकार्पण डिजिटल बीट-बुक, जो बीट कर्मियों के दैनिक कार्यों को सरल, सुव्यवस्थित और अधिक प्रभावी बनाएगा। इस अवसर पर नोडल अधिकारी एडीजी क्राइम एस.के. भगत के नेतृत्व में कार्य समस्याओं तथा व्यावहारिक समाधान पर प्रस्तुतीकरण किया गया। कार्यक्रम को लेकर पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण ने शुक्रवार को कहा था पुलिस मंथन केवल एक औपचारिक सम्मेलन नहीं है।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
ATHER ELECTRIC DECEMBER
You can wait or YOU CAN SAVE ₹20 000*
₹10 000 On Credit Card ₹10 000 Cash benefits
स्कूटर पर 20,000/- तक का ऑफर केवल 31 दिसम्बर 2025 तक

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911